## भाग I /PART I

## बाल विकास एवं शिक्षण विधि / CHILD DEVELOPMENT AND TEACHING METHOD

1. संतुलित बाल विकास के लिए ध्यान देने की आवश्यकता है :
   (A) शारीरिक, मानसिक, भावनात्मक और रचनात्मक पहलुओं पर
   (B) केवल अनुशासन पर
   (C) केवल शैक्षणिक पक्ष पर
   (D) केवल आनुवंशिकता पर

2. जब बच्चे किसी काम को करने के तरीके की योजना बनाते हैं, तो वे किसका इस्तेमाल कर रहे होते हैं ?
   (A) स्मरण (याद करने) का
   (B) डर का
   (C) अधिगम रणनीतियों का
   (D) प्रतिवर्तों (प्रतिक्रियाओं) का

3. गेस्टाल्ट मनोविज्ञान का कौन-सा मूलभूत सिद्धांत यह सुझाव देता है कि शिक्षार्थी सूचना को केवल पृथक भागों के बजाय एक संपूर्ण संरचना के रूप में ग्रहण करते हैं ?
   (A) अलग तत्त्व
   (B) पुरस्कार-आधारित
   (C) संपूर्ण
   (D) उद्दीपन अनुक्रिया

4. एक विद्यार्थी बार-बार अभ्यास करने के बाद अपनी लिखावट में सुधार करता है। यह थॉर्नडाइक के किस नियम को दर्शाता है ?
   (A) प्रभाव का नियम
   (B) अभ्यास का नियम
   (C) अंतर्दृष्टि सिद्धांत
   (D) सामाजिक अधिगम

5. धार्मिक भेदभाव का सामना करने वाला बच्चा ________ का अनुभव कर सकता है।
   (A) भावनात्मक तनाव
   (B) सकारात्मक भावनाओं
   (C) प्रतिवर्त (प्रतिक्रिया) संबंधी समस्याओं
   (D) बेहतर प्रदर्शन

1. Balanced child development requires attention to :
   (A) Physical, mental, emotional and creative aspects
   (B) Only discipline
   (C) Only academics
   (D) Only heredity

2. When children plan how to approach a task, they are using :
   (A) Memorization
   (B) Fear
   (C) Learning strategies
   (D) Reflexes

3. Which fundamental principle of Gestalt psychology suggests that learners perceive information as a complete structure rather than just isolated parts ?
   (A) Separate elements
   (B) Reward-based
   (C) The whole
   (D) Stimulus response

4. A student improves handwriting after repeated practice. This reflects Thorndike's :
   (A) Law of Effect
   (B) Law of Exercise
   (C) Insight Theory
   (D) Social Learning

5. A child facing religious discrimination may experience ________.
   (A) Emotional distress
   (B) Positive emotions
   (C) Reflex issues
   (D) Improved performance

7412762339
PRAVEEN STUDY ZONE ★ PSZ OFFICIAL ★ KNOWLEDGE FOR ALL



Scanned with OKEN Scanner

6. एक शिक्षक जान-बूझ कर एक ऐसी उलझन भरी स्थिति प्रस्तुत करता है जो बच्चों के मौजूदा विचारों को चुनौती देती है। यह रणनीति बढ़ावा देती है :

(A) दंड को

(B) स्मरण (याद करने) को

(C) भ्रम को

(D) संज्ञानात्मक असंतुलन को

7. क्रियाप्रसूत अनुबंधन (अनुकूलन) में, रूपण (आकार देने) का तात्पर्य है :

(A) क्रमिक सन्निकटनों का क्रमिक पुनर्बलन

(B) दंड

(C) प्रतिवर्ती (प्रतिक्रिया) युग्मन

(D) अंतर्दृष्टि निर्माण

8. माता-पिता की भागीदारी समावेशन को मजबूत करती है क्योंकि यह :

(A) शिक्षक का स्थान लेती है

(B) पक्षपात को प्रोत्साहित करती है

(C) सीखने में निरंतरता को सुदृढ़ करती है

(D) पृथक्करण (अलगाव) को बढ़ावा देती है

9. जीन पियाज़े के अनुसार, मूर्त संक्रियात्मक अवस्था (7 – 11 वर्ष) में, बच्चे क्रमबद्धता का प्रदर्शन करते हैं :

(A) अमूर्त प्रतीकों का उपयोग करना

(B) वस्तुओं को तार्किक क्रम में व्यवस्थित करना

(C) अहंकेंद्रित विचार प्रदर्शित करना

(D) काल्पनिक परिदृश्यों की कल्पना करना

10. बाल विकास का कौन-सा क्षेत्र शारीरिक गतिविधियों के लिए बच्चे की बड़ी मांसपेशियों के उपयोग की क्षमता पर केंद्रित है ?

(A) स्थूल गामक कौशल विकास

(B) संज्ञानात्मक विकास

(C) शारीरिक विकास

(D) भाषा विकास

6. A teacher deliberately presents a puzzling situation that challenges children's existing ideas. This strategy promotes :

(A) Punishment

(B) Memorization

(C) Confusion

(D) Cognitive disequilibrium

7. In operant conditioning, shaping refers to :

(A) Gradual reinforcement of successive approximations

(B) Punishment

(C) Reflex pairing

(D) Insight formation

8. Parental involvement strengthens inclusion because it :

(A) Replaces the teacher

(B) Encourages bias

(C) Reinforces learning consistency

(D) Promotes segregation

9. According to Jean Piaget, in the Concrete Operational Stage (7 – 11 years), children demonstrate seriation by :

(A) Using abstract symbols

(B) Arranging objects in a logical order

(C) Showing egocentric thought

(D) Imagining hypothetical scenarios

10. Which area of child development focuses on a child's ability to use large muscles for physical movements ?

(A) Gross Motor Skill Development

(B) Cognitive Development

(C) Physical Development

(D) Language Development



Scanned with OKEN Scanner

11. हाशिए पर स्थित जाति की पृष्ठभूमि से आने वाला एक बच्चा अच्छे प्रदर्शन के बावजूद कम आत्मविश्वास दिखाता है। उचित मार्गदर्शन हस्तक्षेप __________ पर केंद्रित होगा।

(A) सख्त अनुशासन

(B) पहचान संबंधी मुद्दों की अनदेखी

(C) सार्वजनिक प्रशंसा

(D) आत्मसम्मान संवर्धन और सुरक्षित संवाद

12. थॉर्नडाइक का अभ्यास का नियम यह बताता है कि :

(A) सामाजिक अंतःक्रिया अनिवार्य है

(B) अंतर्दृष्टि समस्याओं को हल करती है

(C) दंड व्यवहार को कमजोर करता है

(D) अभ्यास संबंधों को मजबूत बनाता है

13. मानव विकास के किस क्षेत्र से संज्ञान सबसे अधिक निकटता से संबंधित है ?

(A) स्थूल गामक कौशल समन्वय

(B) ज्ञान प्राप्त करने में शामिल मानसिक प्रक्रियाएँ

(C) समूहों में सामाजिक व्यवहार

(D) शारीरिक विकास

14. एक शिक्षक जो शिक्षार्थियों को उत्तर खोजने की दिशा में मार्गदर्शन करने के लिए प्रश्न पूछने का उपयोग करता है, वह किस विधि का प्रयोग कर रहा है ?

(A) दंड विधि

(B) अभ्यास विधि

(C) सुकराती शिक्षण विधि

(D) व्याख्यान विधि

15. परामर्श, मार्गदर्शन से किस प्रकार भिन्न है ?

(A) परामर्श आमतौर पर व्यक्ति-केंद्रित होता है, जबकि मार्गदर्शन अक्सर समूह-केंद्रित होता है।

(B) परामर्श भावनात्मक मुद्दों को नज़रअंदाज़ करता है, जबकि मार्गदर्शन हमेशा व्यक्तिगत (एक-से-एक) होता है।

(C) मार्गदर्शन केवल कैरियर के लिए होता है और प्रकृति में उपचारात्मक होता है।

(D) परामर्श केवल वयस्कों और बहिर्मुखी स्वभाव वाले लोगों के लिए है।

11. A child from a marginalized caste background shows low confidence despite good performance. An appropriate guidance intervention would focus on __________.

(A) Strict discipline

(B) Ignoring identity issues

(C) Public praise

(D) Self-esteem enhancement and safe dialogue

12. Thorndike's Law of Exercise states that :

(A) Social interaction is essential

(B) Insight solves problems

(C) Punishment weakens behaviour

(D) Practice strengthens connections

13. Cognition is most closely related to which area of human development ?

(A) Gross motor skill coordination

(B) Mental processes involved in acquiring knowledge

(C) Social behaviour in groups

(D) Physical development

14. A teacher using questioning to guide learners toward discovering answers is applying :

(A) Punishment method

(B) Drill method

(C) Socratic teaching technique

(D) Lecture method

15. How does counselling differ from guidance ?

(A) Counselling is usually individual-focused, while guidance is often group-focused.

(B) Counselling ignores emotional issues, while guidance is always one-to-one.

(C) Guidance is only for careers and curative in nature.

(D) Counselling is only for adults and extroverts.



Scanned with OKEN Scanner

16. एक शिक्षण दृष्टिकोण जिसमें शिक्षक सीधे विद्यार्थियों को अवधारणाओं, विचारों और सिद्धांतों को समझाता है, कहलाता है :

(A) परियोजना विधि

(B) अन्वेषणात्मक शिक्षण

(C) व्याख्यात्मक शिक्षण

(D) खोज अधिगम

17. सांस्कृतिक समावेशन के लिए शिक्षकों को क्या करना चाहिए ?

(A) संवाद को हतोत्साहित करना

(B) भिन्नताओं को अनदेखा करना

(C) एकरूपता को बढ़ावा देना

(D) विभिन्न सांस्कृतिक उदाहरणों को एकीकृत करना

18. कौन-सा शिक्षण दृष्टिकोण डिस्लेक्सिया, एडीएचडी और अन्य अधिगम अक्षमताओं वाले शिक्षार्थियों के लिए विशेष रूप से लाभदायक है क्योंकि यह विभिन्न प्रकार के संवेदी अनुभवों का उपयोग करता है ?

(A) व्याख्यान विधि

(B) स्वतंत्र अध्ययन

(C) बहु-संवेदी अधिगम

(D) अभ्यास विधि

19. वाक्बाधित (बोलने में कठिनाई वाला) बच्चा अपने अधिगम को सबसे अच्छी तरह निम्नलिखित के माध्यम से प्रदर्शित कर सकता है :

(A) कक्षा की गतिविधियों के दौरान मौन रहना

(B) कक्षा के सामने मौखिक पाठ करना

(C) सहपाठियों के साथ प्रतिस्पर्धी भाषण गतिविधियाँ

(D) अभिव्यक्ति के वैकल्पिक तरीके

20. कक्षा में भावनात्मक सुरक्षा बच्चों की सहायता करती है :

(A) आत्मविश्वास के साथ भाग लेने में

(B) कामों से बचने में

(C) पीछे हटने में

(D) ग़लतियों से डरने में

16. A teaching approach in which the teacher directly explains concepts, ideas and principles to students is called :

(A) Project method

(B) Heuristic teaching

(C) Expository teaching

(D) Discovery learning

17. Cultural inclusion requires teachers to :

(A) Discourage dialogue

(B) Ignore differences

(C) Promote uniformity

(D) Integrate diverse cultural examples

18. Which teaching approach is particularly beneficial for learners with dyslexia, ADHD and other learning disabilities because it uses a variety of sensory experiences ?

(A) Lecture method

(B) Independent study

(C) Multisensory learning

(D) Drill method

19. A speech-impaired child may best demonstrate learning through :

(A) Remaining silent during classroom activities

(B) Oral recitation in front of the class

(C) Competitive speaking activities with peers

(D) Alternative expressive formats

20. Emotional security in the classroom helps children to :

(A) Participate confidently

(B) Avoid tasks

(C) Withdraw

(D) Fear mistakes



Scanned with OKEN Scanner

21. थॉर्नडाइक के सीखने के प्राथमिक नियमों में से कौन-सा नियम यह सुझाव देता है कि जब किसी स्थिति की पुनरावृत्ति होती है, तो वह अनुक्रिया जिसके बाद कोई संतोषजनक स्थिति उत्पन्न होती है, उसके दोबारा होने की संभावना अधिक होती है ?

(A) प्रभाव का नियम

(B) तत्परता का नियम

(C) अभ्यास का नियम

(D) बहु प्रतिक्रिया का नियम

22. बाल विकास को मनुष्यों में जन्म और जीवन की किस अवस्था के बीच होने वाले जैविक, मनोवैज्ञानिक और भावनात्मक परिवर्तनों के अनुक्रम के रूप में परिभाषित किया गया है ?

(A) प्रारंभिक बाल्यावस्था

(B) वयस्कता

(C) किशोरावस्था का अंत

(D) परिपक्वता

23. थॉर्नडाइक के 'प्रयास-एवं-त्रुटि' सिद्धांत का तात्पर्य है कि अधिगम निम्नलिखित के बीच संबंध स्थापित करने का परिणाम है :

(A) विचार और भावनाएँ

(B) उद्दीपक और अनुक्रियाएँ

(C) प्रकृति और पालन-पोषण

(D) सामाजिक समूह और व्यक्ति

24. सीखने में कठिनाई की शीघ्र पहचान से _________ में सहायता मिलती है।

(A) विलंबित हस्तक्षेप

(B) बहिष्करण

(C) स्थायी रूप से लेबल लगाना

(D) समय पर उपचारात्मक सहायता

25. शिक्षण को सर्वोत्तम रूप में इस प्रकार परिभाषित किया जा सकता है :

(A) अधिगम को सुगम बनाना

(B) कक्षा पर नियंत्रण

(C) जानकारी का हस्तांतरण

(D) व्याख्यान देना

21. Which of Thorndike's primary laws of learning suggests that a response followed by a satisfying state of affairs is more likely to recur when the situation is repeated ?

(A) Law of Effect

(B) Law of Readiness

(C) Law of Exercise

(D) Law of Multiple Response

22. Child development is defined as the sequence of biological, psychological and emotional changes that occur in human beings between birth and which stage of life ?

(A) Early childhood

(B) Adulthood

(C) The end of adolescence

(D) Maturity

23. Thorndike's 'Trial-and-Error' theory implies that learning is the result of establishing connections between :

(A) Thoughts and emotions

(B) Stimuli and responses

(C) Nature and nurture

(D) Social groups and individuals

24. Early identification of a learning difficulty helps in _________.

(A) Delayed intervention

(B) Exclusion

(C) Labelling permanently

(D) Timely remedial support

25. Teaching can best be defined as :

(A) Facilitation of learning

(B) Classroom control

(C) Transfer of information

(D) Delivery of lectures



Scanned with OKEN Scanner

26. वे तकनीकें जो विद्यार्थियों को उनकी सोच के प्रति जागरूक होने और उनके सीखने के तरीके पर विचार करने में सहायता करती हैं, उन्हें कहा जाता है :

(A) अभिप्रेरणात्मक तकनीकें

(B) अधिसंज्ञानात्मक रणनीतियाँ

(C) व्यवहारात्मक रणनीतियाँ

(D) रटकर याद करने की विधियाँ

27. पियाज़े के संज्ञानात्मक विकास के सिद्धांत के अनुसार, 7 – 11 वर्ष की आयु के बच्चे आमतौर पर किस अवस्था में होते हैं ?

(A) संवेदी-गामक अवस्था

(B) औपचारिक संक्रियात्मक अवस्था

(C) पूर्व-संक्रियात्मक अवस्था

(D) मूर्त संक्रियात्मक अवस्था

PRAVEEN STUDY ZONE ★ PSZ OFFICIAL ★ KNOWLEDGE FOR ALL

28. पियाज़े के संज्ञानात्मक विकास के सिद्धांत के अनुसार, औपचारिक संक्रियात्मक अवस्था की सबसे विशिष्ट क्षमता कौन-सी है ?

(A) कारण और प्रभाव को समझने में कठिनाई

(B) प्रयास-एवं-त्रुटि समस्या-समाधान

(C) अमूर्त और तार्किक तर्क

(D) केवल मूर्त वस्तुओं के बारे में सोचना

29. रचनावादी शिक्षण में निम्नलिखित में से किस पर जोर दिया जाता है ?

(A) शिक्षार्थी की गतिविधि

(B) शिक्षक का प्रभुत्व

(C) स्मरण

(D) मौन

30. वह शिक्षण विधि जिसमें विद्यार्थी अपने स्वयं के अवलोकन और प्रयोगों के माध्यम से तथ्यों और समाधानों की खोज करते हैं, कहलाती है :

(A) अभ्यास विधि

(B) व्याख्यान विधि

(C) प्रदर्शन विधि

(D) अन्वेषण विधि

26. Techniques that help students become aware of their thinking and reflect on how they learn are called :

(A) Motivational techniques

(B) Metacognitive strategies

(C) Behavioural strategies

(D) Rote memorization methods

27. According to Piaget's theory of cognitive development, children aged 7 – 11 years are typically in which stage ?

(A) Sensorimotor stage

(B) Formal operational stage

(C) Preoperational stage

(D) Concrete operational stage

28. According to Piaget's theory of cognitive development, which ability is most characteristic of the formal operational stage ?

(A) Difficulty understanding cause and effect

(B) Trial-and-error problem-solving

(C) Abstract and logical reasoning

(D) Thinking only about concrete objects

29. Which one of the following is emphasised in Constructivist teaching ?

(A) Learner activity

(B) Teacher dominance

(C) Memorization

(D) Silence

30. The teaching method in which students discover facts and solutions through their own observations and experiments is known as :

(A) Drill method

(B) Lecture method

(C) Demonstration method

(D) Heuristic method

## भाषा-I : हिन्दी / Language-I : HINDI

**31.** 'जगत् + नाथ' का संधि रूप क्या है ?

(A) जगत का नाथ (B) जघनाथ

(C) जगन्नाथ (D) जगदीश

**32.** 'घ् + न' से मिलकर निम्नलिखित संयुक्ताक्षर बनेगा :

(A) घ्न (B) अघन (C) घन (D) घान

**33.** 'नयन' का तद्भव रूप है :

(A) नैन (B) मुख

(C) नेत्र (D) आँख

**34.** किस शब्द में दो मात्राएँ हैं ?

(A) जलीय (B) फल (C) काल (D) किताब

**35.** 'अनुभव चंद्रिका' किसकी रचना है ?

(A) मतिराम (B) भूषण

(C) घनानंद (D) देव

**36.** 'नदी' शब्द में 'दी' में कौन-सी मात्रा का प्रयोग हुआ है ?

(A) अर्धस्वर (B) प्लुत

(C) ह्रस्व (D) दीर्घ

**37.** "पिताजी समाचार-पत्र पढ़ रहे हैं ।" इस वाक्य में कौन-सी क्रिया है ?

(A) प्रेरणार्थक क्रिया (B) द्विकर्मक क्रिया

(C) सकर्मक क्रिया (D) अकर्मक क्रिया

**38.** निम्नलिखित वाक्य में सही विराम-चिह्न लगाइए :
तुम कब आओगे उसने पूछा

(A) "तुम कब आओगे !" उसने पूछा ।

(B) "तुम कब आओगे ?" उसने पूछा ।

(C) "तुम कब आओगे," उसने पूछा ।

(D) "तुम कब आओगे ।" उसने पूछा ?

**39.** 'शादी' से अतुकांत शब्द है :

(A) दादी (B) शायद

(C) खादी (D) लादी

**40.** "आसमान सिर पर उठाना" का अर्थ क्या है ?

(A) शांत रहना (B) काम करना

(C) बहुत शोर मचाना (D) सोना

**41.** "दुकान पर ताज़े फल मिल रहे हैं ।" इस वाक्य में कौन-सा विशेषण है ?

(A) सार्वनामिक विशेषण (B) परिमाणवाचक विशेषण

(C) गुणवाचक विशेषण (D) संख्यावाचक विशेषण

**[प्र. सं. 42 से 44 गद्यांश प्रश्न] निम्नलिखित गद्यांश को ध्यान से पढ़िए तथा उत्तर इस गद्यांश के आधार पर ही दीजिए :**

मित्रता जीवन का एक महत्त्वपूर्ण हिस्सा है, जो व्यक्ति को मानसिक और भावनात्मक सहारा प्रदान करती है । सच्चा मित्र वही होता है जो सुख-दुख में साथ निभाए और सही मार्गदर्शन दे । आज के समय में कई लोग स्वार्थ के आधार पर मित्रता करते हैं, जो अधिक समय तक नहीं टिकती । सच्ची मित्रता विश्वास, ईमानदारी और समझदारी पर आधारित होती है । ऐसे मित्र जीवन को सरल और सुखद बना देते हैं तथा कठिन परिस्थितियों में भी हिम्मत बनाए रखते हैं ।

**42.** गद्यांश के अनुसार सच्ची मित्रता किन गुणों पर आधारित होती है ?

(A) धन और शक्ति

(B) विश्वास, ईमानदारी और समझदारी

(C) दिखावा

(D) प्रतिस्पर्धा

**43.** गद्यांश के अनुसार सच्चा मित्र कौन होता है ?

(A) जो हर परिस्थिति में साथ दे

(B) जो स्वार्थी हो

(C) जो केवल सुख में साथ दे

(D) जो दुख में साथ छोड़ दे



Scanned with OKEN Scanner

44. गद्यांश के अनुसार किस प्रकार की मित्रता अधिक समय तक *नहीं* टिकती ?

(A) स्वार्थ पर आधारित मित्रता

(B) सच्ची मित्रता

(C) ईमानदार मित्रता

(D) गहरी मित्रता

45. 'अल्पविराम (,)' का सही प्रयोग किस वाक्य में हुआ है ?

(A) राम ने सीता को बुलाया, और वह आ गई।

(B) राम ने सीता को बुलाया और, वह आ गई।

(C) राम ने, सीता को बुलाया और वह आ गई।

(D) राम, ने सीता को बुलाया और वह आ गई।

46. "चुहियाँ" का एकवचन रूप क्या है ?

(A) चूहे  (B) चूहा

(C) चूही  (D) चुहिया

47. निम्नलिखित में से सामान्य वर्तमान काल का उदाहरण कौन-सा है ?

(A) मैं गया।  (B) वह जाता है।

(C) वह आता था।  (D) वह गया होगा।

48. अनुनासिक का उच्चारण करते समय हवा :

(A) नाक से निकलती है

(B) मुँह से निकलती है

(C) गले और नाक से निकलती है

(D) नाक और मुँह से निकलती है

49. 'गुरु + ऐश्वर्य' का संधि रूप क्या है ?

(A) गुरैश्वर  (B) गुर्वैश्वर्य

(C) गुरेश्वर्य  (D) गुरेश्वर

50. "ऊँची दुकान फीका पकवान" का अर्थ क्या है ?

(A) दिखावा ज्यादा, गुणवत्ता कम

(B) खुश रहना

(C) अच्छा भोजन

(D) मेहनत करना

51. 'ब' और 'व' में क्या अंतर है ?

(A) 'ब' अर्धस्वर, 'व' व्यंजन

(B) दोनों समान हैं

(C) दोनों स्वर हैं

(D) 'ब' ओष्ठ्य, 'व' दन्तोष्ठ्य

52. 'असत्य' शब्द में कौन-सा उपसर्ग है ?

(A) स  (B) अस

(C) त्य  (D) अ

53. अतुकान्त कविता का अर्थ है :

(A) जिसमें तुक न हो  (B) जिसमें अलंकार हो

(C) जिसमें तुक हो  (D) जिसमें छंद हो

54. 'अर्धचन्द्र' का उदाहरण है :

(A) चन्द्रमा  (B) विद्यालय

(C) डॉक्टर  (D) आँख

55. 'धर्म + अर्थ' का संधि रूप क्या है ?

(A) धर्मार्थ  (B) धर्मअर्थ

(C) धमार्थ  (D) धर्मर्थ

56. 'इ' मात्रा का प्रयोग करके बना दो अक्षरों का शब्द है :

(A) नींद  (B) की

(C) कभी  (D) रवि

57. 'चाँद का मुँह टेढ़ा है' यह काव्य किसकी रचना है ?

(A) सूर्यकांत त्रिपाठी 'निराला'

(B) गजानन माधव मुक्तिबोध

(C) श्यामनंदन किशोर

(D) महादेवी वर्मा

58. निम्नलिखित में से नकारात्मक वाक्य कौन-सा है ?

(A) वह घर नहीं गया।  (B) वह कहाँ गया ?

(C) तुम घर जाओ।  (D) वह घर गया।

59. 'मनः + बल' का संधि रूप क्या है ?

(A) मनोबल  (B) मनःबल

(C) मन का बल  (D) मनबल

60. निम्नलिखित में द्वंद्व समास पद कौन-सा है ?

(A) दाल-रोटी  (B) पीतांबर

(C) अन्याय  (D) नीलकंठ



Scanned with OKEN Scanner

## भाग III /PART III

## भाषा-II : अंग्रेज़ी / Language-II : ENGLISH

**61.** Fill in the blank with the correct form of the verb to complete the sentence.
She __________ three novels this year.
(A) writing (B) has written
(C) writes (D) write

**62.** Which of the following words in the sentence is an adverb ?
"The speaker responded remarkably well despite the difficult questions."
(A) speaker (B) questions
(C) difficult (D) remarkably

**63.** Fill in the blank with the correct form of the verb.
They _________ cricket when it started raining.
(A) are playing (B) play
(C) played (D) were playing

**64.** Which word is an adjective in the sentence ?
"She wore a red dress to the party."
(A) dress (B) red
(C) wore (D) party

**65.** Choose the correct plural form of the noun "criterion".
(A) criterias (B) criterians
(C) criterions (D) criteria

**66.** Which of the following sentences is grammatically correct ?
(A) The Ganga is a sacred river for the Hindus.
(B) The Ganga is sacred river for the Hindus.
(C) The Ganga is the sacred river for Hindus.
(D) Ganga is the sacred river for Hindus.

**67.** Choose the abstract noun from the options given below.
(A) Bravery (B) Garden
(C) Apple (D) Teacher

**68.** In the sentence "The child appeared nervous before the performance", the verb "appeared" functions as a/an :
(A) Linking verb
(B) Auxiliary verb
(C) Transitive verb
(D) Dynamic action verb

**69.** Choose the correct future perfect tense form to complete the sentence.
By next July, the company ___________ its new branches in five different cities.
(A) has opened (B) opens
(C) will have opened (D) will open

**70.** Choose the correctly punctuated sentence.
(A) My brother who lives, in Delhi is a lawyer.
(B) My brother who lives in Delhi, is a lawyer.
(C) My brother, who lives in Delhi, is a lawyer.
(D) My brother, who lives in Delhi is a lawyer.

**71.** Which sentence contains an intransitive verb ?
(A) She wrote a letter.
(B) The baby slept peacefully.
(C) We solved the problem.
(D) The boy kicked the ball.

**72.** Which sentence uses the correct plural noun ?
(A) The sheeps is grazing in the field.
(B) The sheep are grazing in the field.
(C) The sheep is grazing in the field.
(D) The sheeps are grazing in the field.

**73.** Which adverb best completes the sentence ?
The baby slept _________ after crying for hours.
(A) peace (B) peaceless
(C) peacefully (D) peaceful



Scanned with OKEN Scanner

74. Fill in the blank with the correct form of the verb to complete the sentence.
By the time the teacher arrived, the students __________ the classroom.
(A) had cleaned (B) have cleaned
(C) will clean (D) clean

75. Choose the sentence in which the relative pronoun is used correctly.
(A) The athlete who won the marathon trained rigorously.
(B) She is one of the students which participated in the debate.
(C) This is the author whom wrote the novel.
(D) That is the house whose they purchased last year.

76. What kind of sentence is this ?
"Please close the window."
(A) Declarative (B) Interrogative
(C) Imperative (D) Exclamatory

77. Choose the correct word to complete the sentence.
The manager appreciated her _______ in solving the customer's problem quickly.
(A) efficiencies (B) efficiency
(C) efficient (D) efficiently

78. Identify the ***incorrect*** gender transformation.
(A) Nephew – Niece
(B) Host – Hostess
(C) Bachelor – Spinsteress
(D) Wizard – Witch

79. Choose the correct preposition to complete the sentence.
The manager is responsible ______ maintaining discipline in the office.
(A) for (B) with
(C) by (D) to

80. Identify the sentence in which the predicate is compound.
(A) The child laughed loudly.
(B) Rina and Tina study together.
(C) The boys were absent today.
(D) The teacher explained the lesson and answered questions.

81. Select the sentence with the correct semicolon usage :
(A) I wanted to go for a walk; it was raining heavily.
(B) I wanted to go; for a walk, it was raining heavily.
(C) I wanted to go for a walk it was raining heavily;
(D) I wanted to go for a walk,; it was raining heavily.

82. Which of the following sentences correctly uses the adjective pair "farther" and "further" according to formal grammar rules ?
(A) I will call you if I receive any farther information about the dates.
(B) We need to walk a little further down this rocky mountain path to reach the camp.
(C) The library is farther from my house than the local grocery store is.
(D) Without any farther delays, let us begin the annual school presentation.

83. Choose the correct subordinating conjunction to complete the sentence.
The expedition will proceed as scheduled _________ the weather conditions deteriorate drastically.
(A) than (B) provided that
(C) unless (D) although


Scanned with OKEN Scanner

**[Q. No. 84 to 86] Read the passage carefully and answer the questions.**

"The drive to strive" is called motivation. According to Alderman, "Motivation is the general level of arousal to action in an individual." "Motivation is the inclination to pursue and persist in activities related to one's sports." Hence, it can be alluded after analysis of the above definitions that motivation is the inner condition of the individual that initiates or directs its behaviour towards a goal. In fact, motivation is that force which incites individuals to perform activities. When an individual is motivated, he/she experiences a tension and disequilibrium and becomes restless, and thus, his/her actions are initiated. The individual feels an urge to behave in a certain manner. Motivation alone is not enough to put a football player in the team. He/She must also have the requisite health, size, skill, intelligence and field forces. If one acquires these traits, through proper motivation, he/she will be able to successfully demonstrate achievements.

741276239

**84.** Which of the following is referred to as motivation in the passage ?

(A) A type of intelligence
(B) A physical skill
(C) A sports activity
(D) The drive to strive

**85.** The word "traits" in the passage most nearly means :

(A) obstacles (B) actions
(C) characteristics (D) rewards

**86.** Which of the following best explains the role of motivation in sports performance ?

(A) Motivation alone guarantees success.
(B) Motivation works along with traits like skill, health and intelligence.
(C) Motivation replaces skill and intelligence.
(D) Motivation is unrelated to performance.

**87.** Identify the adverb in the sentence.
She always completes her homework on time.

(A) homework (B) completes
(C) time (D) always

**88.** Which of the following sentences is grammatically correct ?

(A) Each of the players have brought their kit.
(B) Each of the player has brought their own kit.
(C) Each of the players has brought his kit.
(D) Each of the players have brought his kit.

**89.** Choose the correct preposition to complete the sentence.
The train arrived ________ the station before sunrise.

(A) into (B) in
(C) on (D) at

**90.** Choose the correct passive voice sentence.
"She writes a letter."

(A) A letter is written by her.
(B) A letter wrote by her.
(C) A letter has been written by her.
(D) A letter was written by her.



Scanned with OKEN Scanner

## भाग III /PART III

### भाषा-II : संस्कृत / Language-II : SANSKRIT

61. "मेरुः बालिकायै उपकरणम् यच्छति ।" वाक्य में "बालिकायै" किस कारक में है ?

(A) अधिकरण कारक (B) करण कारक

(C) अपादान कारक (D) सम्प्रदान कारक

62. 'सत् + भावः' का सही संधि-रूप क्या होगा ?

(A) सदभावः (B) सभवः

(C) सद्भावः (D) सत्भावः

63. निम्नलिखित में से पुल्लिंग शब्द कौन-सा है ?

(A) लता (B) फलम्

(C) बालकः (D) पुस्तकम्

64. संख्या 3 का संस्कृत रूप कौन-सा है ?

(A) एकः (B) द्वौ (C) त्रयः (D) चत्वारः

65. 'वापी' शब्द का प्रथमा बहुवचन रूप कौन-सा है ?

(A) नद्यौ (B) वापी

(C) वापीम् (D) वाप्यः

66. "बालिका लेख लिखती है ।" का सही संस्कृत अनुवाद कौन-सा है ?

(A) बालिका लेखं लिखति ।

(B) बालिकाः लेखं लिखति ।

(C) बालकः लेखं लिखति ।

(D) बालिका लेखे लिखतः ।

67. संख्या 5 का संस्कृत रूप कौन-सा है ?

(A) पञ्च (B) चत्वारः (C) त्रयः (D) द्वौ

68. 'उपविशति' शब्द में कौन-सा उपसर्ग प्रयुक्त है ?

(A) परि (B) वि (C) उप (D) अति

69. "कदा" अव्यय का अर्थ क्या है ?

(A) कस्मिन् स्थाने (B) कस्मिन् काले

(C) कस्मात् कारणात् (D) केन प्रकारेण

70. "गुरवे नमः ।" में "गुरवे" कौन-सी विभक्ति है ?

(A) चतुर्थी (B) सप्तमी (C) पञ्चमी (D) षष्ठी

71. "धाव्" धातु का प्रथम पुरुष एकवचन लङ्लकार का रूप कौन-सा है ?

(A) अधावत् (B) धावतु

(C) अधावत् (D) धावति

72. 'तरुः' शब्द का प्रथमा विभक्ति में बहुवचन रूप क्या होगा ?

(A) तरवः (B) तरुम् (C) तरौ (D) तरुणा

73. ':' किसका चिह्न है ?

(A) अनुस्वारः (B) विसर्गः

(C) अव्ययम् (D) स्वरः

74. 'प्र + दृश्' धातु में 'ल्यप्' प्रत्यय लगने पर कौन-सा रूप बनेगा ?

(A) प्रदृश्य (B) प्रलिखितः

(C) प्रद्रष्टुम् (D) प्रपश्यति

75. 'नीलकण्ठः' शब्द का समास-विग्रह किस रूप में उचित है ?

(A) नीलस्य कण्ठः (B) नीलः कण्ठः यस्य सः

(C) नीलं च कण्ठं च (D) नीलः च कण्ठः च



Scanned with OKEN Scanner

76. 'गायकौ' शब्द किस वचन का रूप है ?

(A) नपुंसकलिङ्गम्
(B) बहुवचनम्
(C) एकवचनम्
(D) द्विवचनम्

**[प्र. सं. 77 से 79 गद्यांश प्रश्न]**

व्यायामः शरीरस्य बलाय स्वास्थ्याय च आवश्यकः अस्ति। ये छात्राः प्रतिदिनं व्यायामं कुर्वन्ति, ते स्वस्थाः उत्साहपूर्णाः च भवन्ति । प्रातःकाले शुद्धवायौ भ्रमणम् अपि हितकरम् अस्ति । स्वस्थे शरीरे मनः अपि प्रसन्नं भवति।

77. प्रतिदिनं व्यायामं कुर्वन्तः छात्राः कथं भवन्ति ?

(A) स्वस्थाः उत्साहपूर्णाः च
(B) खिन्नाः
(C) आलसाः
(D) भीताः

78. प्रातःकाले किम् हितकरम् अस्ति ?

(A) अधिकभोजनम्
(B) शुद्धवायौ भ्रमणम्
(C) विवादः
(D) निद्रा

79. व्यायामः कस्य बलाय आवश्यकः अस्ति ?

(A) पुस्तकस्य
(B) कक्षायाः
(C) जलस्य
(D) शरीरस्य

80. निम्नलिखित में से तालव्य वर्णों का समूह कौन-सा है ?

(A) च छ ज झ ञ
(B) क ख ग घ ङ
(C) ट ठ ड ढ ण
(D) प फ ब भ म

81. 'विद्यालयः' में कौन-सा समास माना जा सकता है ?

(A) षष्ठी-तत्पुरुषः
(B) बहुव्रीहिः
(C) अव्ययीभावः
(D) द्वन्द्वः

82. 'खाद्' धातु का मध्यम पुरुष एकवचन का रूप कौन-सा है ?

(A) खादामि
(B) खादति
(C) खादथः
(D) खादसि

83. 'देवः' शब्द का तृतीया विभक्ति, एकवचन का रूप क्या होगा ?

(A) देवाय (B) देवेन (C) देवम् (D) देवे

84. 'युवकः लेखन्या लिखति।' वाक्य में 'लेखन्या' किस विभक्ति का रूप है ?

(A) चतुर्थी (B) द्वितीया (C) षष्ठी (D) तृतीया

85. 'शिक्षकेण प्रश्नः पृच्छ्यते' वाक्य किस वाच्य का उदाहरण है ?

(A) लोट्-वाच्यम्
(B) कर्तृवाच्यम्
(C) कर्मवाच्यम्
(D) भाववाच्यम्

86. 'लघु + अभ्यासः' का सही संधि-रूप क्या होगा ?

(A) लघुभ्यासः
(B) लघुअभ्यासः
(C) लघाभ्यासः
(D) लघ्वभ्यासः

87. 'देवः' शब्द का प्रथमा विभक्ति का एकवचन रूप चुनिए।

(A) देवाय (B) देवः (C) देवम् (D) देवेन

88. 'उप + धाव्' धातु में ल्यप् प्रत्यय से बना रूप कौन-सा है ?

(A) उपगमनम्
(B) उपधावति
(C) उपधाव्य
(D) उपगतः

89. कण्ठ्य वर्णों में कौन-सा स्वर आता है ?

(A) ऐ (B) अ (C) इ (D) ऌ

90. "गङ्गाजलम्" का सही विग्रह कौन-सा है ?

(A) गङ्गा जलम्
(B) गङ्गायाः जलम्
(C) गङ्गां जलम्
(D) गङ्गायां जलम्

7412762239



Scanned with OKEN Scanner

## गणित / MATHEMATICS

**91.** एक बेईमान दुकानदार 1 किग्रा के स्थान पर 900 ग्राम वस्तु देता है लेकिन कीमत 1 किग्रा की लेता है। उसका लाभ प्रतिशत ज्ञात कीजिए।

(A) 11·11% (B) 10% (C) 12% (D) 9%

**92.** त्रिभुज ABC में, ∠ A = 58° तथा ∠ C = 62° हैं। यदि O परिकेन्द्र है, तो ∠ AOC ज्ञात कीजिए।

(A) 160° (B) 140° (C) 180° (D) 120°

**93.** यदि 15 अगस्त 1947 को शुक्रवार था, तो 15 अगस्त 1948 को सप्ताह का कौन-सा दिन था ?

(A) सोमवार (B) मंगलवार (C) रविवार (D) शनिवार

**94.** एक कारखाना प्रत्येक 14 दिन में बंद होता है। यदि 1 जुलाई 2027 को कारखाना गुरुवार को बंद हुआ था, तो 29 जुलाई 2027 को कारखाना किस दिन बंद होगा ?

(A) शनिवार (B) मंगलवार (C) गुरुवार (D) सोमवार

**95.** यदि एक घन का आयतन 216 घन सेंटीमीटर ($cm^3$) है, तो उस घन की प्रत्येक भुजा की लंबाई कितनी होगी ?

(A) 4 सेमी (B) 5 सेमी (C) 7 सेमी (D) 6 सेमी

**96.** 4 सेमी भुजा लंबाई वाले घन का आयतन क्या होगा ?

(A) 64 घन सेमी (B) 48 घन सेमी (C) 16 घन सेमी (D) 12 घन सेमी

**91.** A dishonest shopkeeper gives 900 g of a commodity instead of 1 kg but charges the cost price per kg. Find his gain percentage.

(A) 11·11% (B) 10% (C) 12% (D) 9%

**92.** In triangle ABC, ∠ A = 58° and ∠ C = 62°. If O is the circumcentre, find ∠ AOC.

(A) 160° (B) 140° (C) 180° (D) 120°

**93.** If 15 August 1947 was a Friday, what day of the week was 15 August 1948 ?

(A) Monday (B) Tuesday (C) Sunday (D) Saturday

**94.** A factory shuts down every 14 days. If the shutdown on 1 July 2027 was on Thursday, what day will the factory shut down on 29 July 2027 be ?

(A) Saturday (B) Tuesday (C) Thursday (D) Monday

**95.** If the volume of a cube is 216 $cm^3$, what is the length of each side of the cube ?

(A) 4 cm (B) 5 cm (C) 7 cm (D) 6 cm

**96.** What is the volume of a cube with side length 4 cm ?

(A) 64 $cm^3$ (B) 48 $cm^3$ (C) 16 $cm^3$ (D) 12 $cm^3$



Scanned with OKEN Scanner

97. 6,435 + 2,876 का मान क्या है ?

(A) 9,321 (B) 9,311
(C) 9,411 (D) 9,211

98. भारत के केंद्रीय बजट 2023 – 24 के अंतर्गत क्षेत्रवार व्यय आवंटन दर्शाने वाली दी गई तालिका का ध्यानपूर्वक अवलोकन कीजिए। सभी क्षेत्रों की व्यय राशियों (करोड़ ₹ में) की तुलना कीजिए और दिए गए आँकड़ों के आधार पर निम्नलिखित प्रश्न का उत्तर दीजिए :

| क्षेत्र | कुल व्यय में हिस्सा (%) | राशि (₹ करोड़) |
|---|---|---|
| ब्याज भुगतान | 20·0% | 9,00,619 |
| रक्षा | 13·2% | 5,94,409 |
| केंद्रीय क्षेत्र योजनाएँ | 16·8% | 7,56,521 |
| केंद्रीय प्रायोजित योजनाएँ | 14·4% | 6,48,446 |
